फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री असिफ इकबाल निवासी E-163, St No 3, West Vinod Nagar, delhi-110092

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 85/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.01.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये क्रमांक : एफ.1()सू0अ0,05/2023/817–818 दिनांक 15.12..2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का आवेदन पत्र दिनांक 17.10.2023 का सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत इस कार्यालय को 23.10.2023 व इस अनुभाग को 25.10.2023 को प्राप्त हुआ है अपीलार्थी के आवेदन में इप्सित सूचना का संबंध कार्यालय के न्याय अनुभाग से होने से इस कार्यालय द्वारा प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग को जरिये पत्रांक 756 दिनांक 25.10.2023 को प्रेषित किया गया। प्रभारी अधिकारी न्याय अनुभाग के पत्रांक 10467 दिनांक 04.11.2023 से इस कार्यालय को जरिये डाक दिनांक 05.12.2023 को अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना शुन्य हैं। जो इस कार्यालय के पत्रांक 799 दिनांक 05.12.2023 से प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गयी है। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किये जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bella लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्याय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)